हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, रविवार, 30 जून 2024


तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री


16 पेयजल किल्लत से परेशान ग्रामीणों ने नगूरां- उचाना सड़क पर लगाया जाम





16 सब्जियों के दाम ने बिगाड़ा रसोई का बजट







श्रीमती शांति देवी
17वीं पुण्यतिथि पर
श्रद्धापूर्वक नमन

जिस पर लिखने को शब्द कम पड़ जाएं
मां वो शब्द है जो सबको नि:शब्द कर जाए

चौ. शेरसिंह मैमोरियल शांति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा
श्रीमती शांति देवी
जी की 17वीं पुण्यतिथि पर
नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच
एवं रक्तदान शिविर

दिनांक: 1 जुलाई 2024 (सोमवार) | समय: सुबह 10:00 से सायं 4:00 बजे तक

स्थान: जेबीएम स्कूल, जुलाना

सेवाएं :
सामान्य रोग विशेषज्ञ | हृदय रोग विशेषज्ञ
हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ जांच
नेत्र रोग विशेषज्ञ | दांत रोग विशेषज्ञ
ईसीजी | ब्लड प्रेशर |
रैंडम ब्लड शुगर | बीएमआई
डेंटल चेकअप | आंखों की जांच



टीम: मेदांता मेडीसिटी गुरूग्राम, पीजीआई रोहतक, पीजीआइ खानपुर तथा पॉजिट्रोन हस्पताल के अनुभवी चिकित्सक जांच शिविर में अपनी सेवाएं देंगे
आंखों के ऑपरेशन पीजीआई रोहतक की टीम द्वारा नि:शुल्क किए जाएंगे।

विशेष सहयोग: भारत विकास परिषद, जुलाना

आयोजक: डॉ. सुरेश अहलावत
चौ. शेरसिंह मैमोरियल शांति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
8130106200

## खबर संक्षेप

### दाखिले के लिए पांच कमेटी गठित

**नरवाना।** सत्र 2024 25 के दाखिले हेतु लिए प्रथम चरण की सूचि कौशल विकास औद्योगिक प्रशिक्षण एवम उधमिता विभाग द्वारा 28/06/24 को जारी की जा चुकी है। प्रधानाचार्य अनिल गोयल ने बताया की दाखिला प्रक्रिया में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नरवाना में दाखिले हेतु पांच अलग अलग कमेटी गठित की हुई है जो शनिवार और रविवार को भी दाखिले का कार्य करेंगी।

### रक्त जांच कैंप के दूसरे दिन लिए 445 सैंपल

**सफीदों ।** भारत विकास परिषद के सेवा पखवाड़े के अंतर्गत निःशुल्क रक्त जांच शिविर के दूसरे दिन 445 लोगों के सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। शिविर की अध्यक्षता आयोजक संस्था के अध्यक्ष डा. नरेश वर्मा ने की। वहीं मुख्यातिथि के रूप में पालिका चेयरपर्सन प्रतिनिधि संजय अदलखा ने की। संजय अदलखा ने दीप प्रज्वलन करके की गई।

### ईंट-भट्ठों पर मलेरिया रोधी अभियान चलाया

**उचाना।** स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मलेरिया रोधी अभियान चलाया हुआ है। शनिवार को क्षेत्र के ईंट-भट्ठों प स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची। भट्ठों पर मलेरिया रोधी अभियान चलाया गया। ईंटभट्ठों पर दूसरे प्रदेश, जिलों से आए हुए मजदूरों एवं उनके साथ रह रहे उनके परिजनों के स्वास्थ्य का ब्योरा लिया गया।

### पुर्न मूल्यांकन में बढ़े छात्रा मंशा के अंक

**उचाना ।** शिव गुरूकुलम छात्तर की छात्रा मंशा पुत्री अजय कुमार ने 10वीं कक्षा के पुर्न मूल्यांकन सात अंक बढ़कर 498 (99.6 प्रतिशत) अंक हो गए है। संस्था के अध्यक्ष शेखर अग्रवाल ने मूल्यांकन के बाद 498 अंक लेकर जिले में स्थान प्राप्त होने पर छात्रा एवं उनके परिजनों को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल के विद्यार्थी निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल आ रहे है। प्राचार्य अजीत गौत्तम ने बताया कि छात्रा मंशा के 491 नंबर थे।

### पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा से विकास खटकड़ मिले

**उचाना।** दीपेंद्र हुड्डा ब्रिगेड के प्रदेशाध्यक्ष विकास खटकड़ ने पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा से दिल्ली आवास पर मुलाकात की। इस दौरान हिसार लोकसभा से सांसद जयप्रकाश भी मौजूद रहे। विकास खटकड़ ने कहा कि आज युवा पूरी तरह से सांसद दीपेंद्र हुड्डा की अगुवाई में कांग्रेस के साथ जुड़ रहा है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली पांच सीटों पर जीत में युवाओं की भूमिका अहम रही।

### आढ़ती कर रहे है आढ़त का इंतजार : ओमदत्त

**उचाना।** गेहूं के सीजन की आढ़त अब तक आढ़तियों को न दिए जाने के साथ-साथ अब तक गेहूं के सीजन की मजदूरी काफी आढ़तियों को नहीं मिलने सहित विभिन्न आढ़तियों की मांग को लेकर आढ़ती कांग्रेस सांसद से मिलकर मांग पत्र सौंपेंगे। कांग्रेस नेता एवं आढ़ती ओमदत्त शर्मा डाहोला ने कहा कि गेहूं के सीजन को बीते काफी समय हो गया है ।

### गोपाल स्कूल में दक्षता वर्ग का किया आयोजन

**जींद।** गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय में शनिवार को सत्र के दूसरे दक्षता वर्ग का आयोजन किया गया। पंचांग के साथ दक्षता वर्ग का शुभारंभ करने के बाद मेघा ने योग, रचना व अदिति ने वंदना, सुभाषित नेहा जैन, कविता वाचन नरेंद्र, दिशा बोध अलका, विकास ने जादुई पिटारा, समता व शारीरिक संदीप व कौशल्या, विषयानुसार आचार्योर् की चर्चा व शिक्षण कौशल का कालांश रहा।

### कैडेट्स को दी अग्निवीर प्रक्रिया की जानकारी

**जींद ।** 15वीं हरियाणा एनसीसी बटालियन के वार्षिक प्रशिक्षण कैंप के छठे दिन एनसीसी ट्रेनिंग के अलावा शनिवार को कैंप कमांडेंट ने कैडेटस को भारतीय सेना में ऑफिसर और अग्निवीर की भर्ती प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया।

---

### पानीपत में राज्यस्तरीय कार्यक्रम में सीएम होंगे मुख्यातिथि

# पात्र परिवारों को आज मिलेगी एक एक लाख रुपये की सहायता राशि

**सहायता राशि प्रदान करने के लिए आज जिला स्तरीय समारोह स्थानीय चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के योगा सभागार में दो बजे आयोजित होगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले एवम पूर्व में 100-100 वर्ग गज के प्लाटों से वंचित रहे पात्र परिवारों को एक-एक लाख रुपये प्लाट के लिए सहायता राशि प्रदान की जाएगी। यह सहायता राशि उन पात्र परिवारों को मिलेगी, जिन परिवारों के हिस्से दिए गए सौ-सौ वर्ग गज के प्लाट की रजिस्ट्री तो बन गई थी लेकिन उनको उचित जगह न होने के कारण प्लाट नहीं मिल पाया था। सहायता राशि प्रदान करने के लिए 30 जून को जिला स्तरीय समारोह स्थानीय चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के योगा सभागार में दो बजे में आयोजित होगा। प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम पानीपत में आयोजित होगा। जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह मुख्यअतिथि होंगे।

### 878 पात्र परिवारों को मिलेगी राशि


डीसी मोहम्मद इमरान रजा

गौरतलब है कि कि वर्ष 2008 में गरीबी रेखा में जीवन यापन करने वालों को तत्कालीन प्रदेश सरकार ने महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत प्लॉट आवंटित किए थे लेकिन उनमें से बहुत से ऐसे परिवार शेष थे, जिनके प्लाट की रजिस्ट्री तो बन गई थी लेकिन प्लाट के लिए उचित जगह न होने के कारण प्लाट नहीं मिल पाए थे। अब ऐसे परिवारों को प्रदेश सरकार ने एक-एक लाख रुपये आर्थिक सहायता के रूप में देने का निर्णय लिया है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला के ऐसे 878 पात्र परिवार हैं, जिनको 30 जून रविवार को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में सहायता राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि सहायता राशि प्रदान करने के लिए आयोजित होने वाले कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सहायता राशि के लाभार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार उनके आने और जाने के लिए वाहनों की भी व्यवस्था की गई है। वहीं दूसरी और जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी संदीप भारद्वाज ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में उचाना खंड के गांव दुर्जनपुर के 136 तथा मोहनगढ़ के 62 पात्र लोगों को सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार से जींद खंड के गांव बीबीपुर के 76, घिमाणा के 39, गुलकनी के 21, कैरखेड़ी के 13, राजपुरा के 83, रामराय से एक व्यक्ति को सहायता राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि जुलाना खंड के गांव किलाजफरगढ़ के 47 लोगों को सहायता राशि प्रदान की जाएगी। खंड नरवाना के गांव भाना ब्राह्मण से 47, भिखेवाला के 52, फरैन कलां के 53, धरौदी से 148 लोगों को सहायता राशि प्रदान की जाएगी। खंड पिल्लूखेड़ा के गांव हाड़वा के 50 लोगों को, भूरायण के 50 लोगों को सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

### नई पेंशन का लाभ भी दिया जाएगा

जिला स्तरीय कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत नई पेंशन स्कीम और डा. बीआर अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के लाभार्थियों को भी आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इन स्कीमों से भी कुछ लाभार्थी कार्यक्रम में आमंत्रित किए गए हैं, जिनको योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सहायता राशि लेने वाले पात्र परिवारों को सूचना भिजवा दी गई है। कार्यक्रम में संबंधित विभाग के जिलाधिकारी भी शामिल होंगे।

---

# कर्मचारियों ने बनाई रणनीति

- सभी जिलों में चार जुलाई से 19 जुलाई तक होंगे कार्यकर्ता सम्मेलन, ओपीएस मुहिम में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


**जींद।** बैठक में भाग लेते हुए कर्मचारी।

अग्रवाल धर्मशाला में शनिवार को हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित आल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की बैठक रा'य प्रधान नरेंद्र धीमान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मंच संचालन रा'य महासचिव अमरीक सिंह चट्टा ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी जिलों में चार जुलाई से 19 जुलाई तक रा'य कार्यकारिणी की देख रेख में कार्यकर्ता सम्मेलन किए जाएंगे ताकि कर्मचारियों व कर्मचारी नेताओं को आने वाले आंदोलनों के लिए जागरूक किया जा सके ताकि आंदोलनों में ओर अधिक जोर-शोर से भाग ले सकें। 25 को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री के आवास का घेराव बावल में किया जाएगा। डह अगस्त को सिंचाई मंत्री डा. अभय सिंह यादव के आवास का घेराव नारनौल में किया जाएगा। 22 अगस्त को मुख्यमंत्री के कैंप कार्यालय नारायणगढ़ कार्यालय का घेराव करने का निर्णय स्टेट कमैटी द्वारा लिया गया। क्योंकि संगठन पूर्व में सरकार के झूठे आश्वासन से परेशान होकर कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ व्यथित होकर आंदोलनों घोषणा की ।

## मांगों को लेकर कल से गांव-गांव जाकर भरवाए जाएंगे समर्थन पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

सामाजिक संगठन उचाना अधिकार मंच कल 30 जून से उचाना की दहाड़ अभियान की शुरुवात करने जा रहा है। उचाना के पालवां बस अड्डे पर संगठन के कार्यालय में हवन.यज्ञ के साथ अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। उचाना अधिकार मंच के मुख्य संयोजक जेपी कौशिक घोघड़िया ने बताया कि ये मंच सामाजिक न्याय, अधिकार और समता के प्रति समर्पित एक संगठन है। हमारा उद्देश्य उचाना विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं के समाधान हेतु कार्य करना और जन सामान्य के हकों की प्रभावी आवाज़ उठाना है ताकि उचाना को सामाजिक व राजनितिक तौर पर मजबूती मिल सके। कौशिक ने बताया कि उचाना अधिकार मंच द्वारा 30 जून से मुख्य मांगों के पक्ष में उचाना विधानसभा के सभी 65 गांवों एवं उचाना कस्बा में समर्थन पत्र भरवाने का अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से सरकार व प्रशासन को ये संदेश देने का काम किया जाएगा। जनता अब जागरूक व एकजुट होकर अपने हकों के लिए दहाड़ेगी इसीलिए इस अभियान का नाम उचाना की दहाड़ रखा गया है।

## निशुल्क स्वास्थ्य जांच व रक्तदान शिविर कल

- जेबीएम स्कूल में चौधरी शेर सिंह मैमोरियल शांति देवी ट्रस्ट लगाएगा

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के जेबीएम स्कूल में चौधरी शेर सिंह मैमोरियल शांति देवी ट्रस्ट द्वारा एक जुलाई को निशुल्क स्वास्थ्य जांच व रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक डा सुरेश अहलावत ने बताया कि उनकी माता शांति देवी की 17वीं पुण्यतिथि पर कस्बे के जेबीएम स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें अनुभवी चिकित्सकों की टीम मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी और निशुल्क दवाएं भी दी जाएंगी।

---

# सैंकडों महिलाओं को गंगा स्नान के लिए भेजा

- ...और आगे बढ़ा बलजीत रेढ़ू की समाजसेवा का कारवां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


**जींद।** हरी झंडी दिखा कर श्रद्धालुओं की बस को रवाना करते बलजीत रेढ़ू।

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य और समाजसेवी बलजीत रेढ़ू ने 100 दिन में 11000 लोगों को मुफ्त गंगा स्नान करवाने की अपनी मुहिम के तहत शनिवार को जींद के जुलानी गांव से सैंकडों महिलाओं को बसों में बैठाकर हरिद्वार में गंगा स्नान के लिए रवाना किया। इस मौके पर बलजीत रेढ़ू ने कहा कि जींद के बुजुर्गों, माताओं और बहनों को गंगा स्नान करवाने से उन्हें आत्मिक सुकून मिल रहा है। यह सुकून इन बुजुर्गों का बेटाए माताओं का बेटा और बहनों का भाई होकर उन्हें मुफ्त गंगा स्नान करवाने के संतोष से मिल रहा है। रेढ़ू ने कहा कि भगवान ने उन्हें जितनी सामर्थ्य दी है, उसके अनुसार वह समाजसेवा में लगे हैं। चाहे जींद के बुजुर्गोर् और महिलाओं को मुफ्त गंगा स्नान की बात होए या जींद के गांवों की बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए जींद ले जाने और वापस घर छोड़ने के लिए मुफ्त बस सेवा की बात होए या फिर जींद के प्यासे लोगों की प्यास बुझाने के लिए मुफ्त जल सेवा का मामला हो, वह समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि समाज सेवा का यह सिलसिला उस समय तक जारी रहेगा जब तक भगवान उन्हें इसकी सामर्थ्य देते रहेंगे। शनिवार को जुलानी गांव से हरिद्वार में गंगा स्नान के लिए रवाना होने वाली माताओं और बहनों ने बलजीत रेढ़ू को उनकी समाजसेवा के लिए दिल से आशीर्वाद दिया।

### सड़कों पर बेसहारा पशुओं का आंतक

**उचाना।** उचाना शहर में बढ़ रही बेसहारा पशुओं की संख्या से राहगीर, वाहन चालकों के साथ-साथ हर कोई परेशान है। बाजारों, गलियों में आपस में बेसहारा पशु लड़ते रहते है जिससे हादसा होने का डर रहता है। कई बार तो वाहन चालक बाल-बाल बचते है तो राहगीर भागकर अपनी जान बचाते है। बेसहारा पशुओं को पकड़वाने की मांग लोगों ने नपा प्रशासन से करते हुए कहा कि एक बार बेसहारा पशुओं पकड़वाए गए थे अब फिर से इनकी संख्या बढ़ने लगी है। सुखबीर, राजा, सुलतान ने कहा कि सड़कों, गलियों में आपस में बेसहारा पशु लड़ते है तो भागकर अपनी जान बचानी पड़ती है। सड़क पर खड़े किए गए वाहनों को नुकसान भी ये पहुंचा देते है। हर रोज किसी न किसी बाजार में ये आपस में लड़ते नजर आते है।

# कार्यकर्ताओं की मजबूत टीम : प्रदीप गिल

- आज प्रदीप गिल कार्यकर्ताओं की भाईचारा बैठक को करेंगे संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


**जींद।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदीप गिल।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप गिल ने कहा कि रविवार को जींद में भाईचारा की बैठक बुलाई है जिसमें जींद विधानसभा क्षेत्र के सभी 186 बूथों से कांग्रेस कार्यकर्ता भाग लेंगे। प्रदीप गिल का दावा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी जींद विधानसभा सीट से बड़े मार्जिन से जीत दर्ज करेगी। प्रदीप गिल शनिवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। प्रदीप गिल की भाईचारा बैठक पर कांग्रेस संभावित प्रत्याशियों की ही नही बल्कि दूसरे राजनीतिक दलों की भी नजर है। प्रदीप गिल ने कहा कि जींद विधानसभा के सभी बूथो पर कर्मठ काग्रेस कार्यकर्ताओ की टीम तैयार की है। काग्रेस कार्यकर्ताओ की भाईचारा बैठक बुलाई गई है। जिसमे पार्टी की मजबूती के मथन किया जाएगा। जींद विधानसभा से टिकट के दावेदार प्रदीप गिल अपनी टिकट के प्रति काफी आश्वस्त आए। उन्होंने कहा कि पार्टी सर्वे करवाकर जनता की उम्मीद के अनुरूप मेरिट के आधार पर टिकट देने की बात करती है। पार्टी ने ऐसा किया तो उनका दावा सबसे मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि कुछ घरानों ने जींद विधानसभा का प्रतिनिधित्व किया है लेकिन उन लोगों ने सिवाय अपना विकास करने के शहर और क्षेत्र के विकास की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। आज स्थिति यह है कि थोड़ी सी बारिश में पूरा शहर जलमग्न हो जाता है। शहर के युवाओं के लिए रोजगार का कोई साधन नहीं है। यहां पर उद्योगों को बढ़ावा देने की किसी ने नहीं सोची। उन्होंने कहा कि आज क्षेत्र की जनता चाहती है कि इन घरानों से बाहर निकलकर जनता के बीच से कोई युवा उम्मीदवार मैदान में आए जो उनके दुख तकलीफ को समझे।

---


**जींद।** छात्रा साक्षी जिंदल के अंक बढ़ने पर बधाई देते हुए।

### दसवीं कक्षा पुर्नमूल्यांकन के बाद साक्षी के बढ़े 13 अंक

**जींद ।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा हाल ही में घोषित दसवीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में लापरवाही सामने आई है। जुलाना स्थित रोहिला सैकेंडरी स्कूल की छात्रा साक्षी जिंदल ने बोर्ड की दसवीं कक्षा में 500 में से 467अंक प्राप्त किए थे। जिससे छात्रा असंतुष्ट थी। मां रेणू जिंदल ने जब अपनी बेटी का दो विषयों हिंदी तथा शारीरिक शिक्षा का पुर्नमूल्यांकन करवाया तो बेटी के 13 अंकों की बढ़ोत्तरी हुई। गौरतलब है कि बोर्ड ने पहले छात्रा को हिंदी तथा शारीरिक शिक्षा में 90-90 अंक दिए थे। जो अब बढ़कर हिंदी में 96 तथा शारीरिक शिक्षा में 97 हो गए हैं। अब साक्षी के कुल अंक 500 में से 480 यानि 96 फीसदी हो गए हैं। उधर छात्रा के पिता महादेव जिंदल अनुसार बच्चे दिन-रात मेहनत करते हैं तब जाकर अच्छे अंकों की प्राप्ति होती है। शिक्षा बोर्ड को चाहिए कि ऐसे असंवेदनशील शिक्षकों की पेपर चैकिंग में डयूटी न लगाए।

# पौष्टिक आहार लेने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना


**नरवाना।** रक्त जांच शिविर में छात्राओं के रक्त की जांच करते हुए स्वास्थ्य कर्मी।

कस्बे के केएम राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना शाखा एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विश्व नशा मुक्ति अभियान में उत्तम स्वास्थ्य और मानव संसाधन को नशा प्रवृत्ति से मुक्ति के लिए योग साधना युक्त जीवन शैली में शुद्ध प्राकृतिक सात्विक आहार, कन्द मूल औषधीय गुणों युक्त साग- पात, फल, फूल और सब्जियां का उपयोग करने के लिए कार्यक्त्रम आयोजित किया गया। एनीमिया निवारण के लिए रक्त में हीमोग्लोबिन की जांच के लिए महाविद्यालय में सामान्य अस्पताल नरवाना की ओर से रक्त जांच शिविर आयोजित किया गया। इसमें लगभग 170 विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों के रक्त के नमुनो की जांच की गई। इस अवसर पर प्रोफेसर लाल सिंह ने छात्राओं को रक्त की समृद्धि के लिए फास्ट फूड, जंक फूड एवं तले हुए और पॉलिथीन पैक के भोजन को छोड़कर शुद्ध सात्विक पौष्टिक आहार लेने के लिए प्रेरित किया गया। प्राचार्य डॉ मीनू सिंह ने अपने संदेश में कहा कि एक दिन गुड़ चना और आवाले का प्रयोग करना स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है। गुड का चूरमा, लापसी, रबड़ी, दलिया एवं खिचड़ी सप्ताह में एक बार अवश्य खाना चाहिए। जयपाल सिंह आर्य ने बताया कि तंबाकू एवं तंबाकू से बने बीडी, सिगरेट और भांग , स्मैक, हीरोइन इत्यादि का सुखा नशा और शराबखोरी के कारण परिवार, और राष्ट्र में नुकसान हो रहा है।

# अग्रवाल समाज ने राज्यपाल से की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


राजकुमार गोयल

- पूरे हरियाणा में रक्तदाताओं को रिफ्रेशमेंट के तौर पर दी जाने वाली राशि 500 रुपये की जाए

अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने हरियाणा के महामहिम राज्यपाल से मांग की है कि पूरे हरियाणा में रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा रक्तदाताओं को रिफ्रेशमेंट के तौर पर दी जाने वाली 50 रुपये की राशि को बढ़ा कर 500 रुपये किया जाए। गोयल का कहना है कि सालों से यह परंपरा चली आ रही है कि जो भी संस्था रक्तदान शिविरों का आयोजन करती है उन्हें रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा प्रति रक्तदाता 50 रुपये रिफ्रेशमेंट के तौर पर दिए जाते है। गोयल का कहना है कि आज महंगाई कहां से कहां पहुंच गई। ऐसे में यह राशि बहुत कम है और इतने रुपये में अच्छी क्वालिटी का रिफ्रेशमेंट का सामान जैसे दूध, जूस, फ्रूट नहीं आते। इसके साथ-साथ रक्तदाताओं को एक मोमेंटो भी दिया जाना आवश्यक है ताकि रक्तदाताओं का मनोबल बढे।

---

### सीएम से मिलकर कानून में बदलाव की मांग करेगे खाप चौधरी

# सामाजिक बुराई वाले कानून रद करे सरकार

- जाट धर्मशाला मे खाप चौधरियों ने लीव इन रिलेशन, लव मैरिज, गांव, गुहांड में होने वाली शादियों पर जताई चिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


**जींद।** बैठक में भाग लेते खाप प्रतिनिधि।

जाट धर्मशाला में शनिवार को सामाजिक तानबाना, भाईचारा खराब करने वाले, सामाजिक मूल्यों को नुकसान पहुंचाने वाले कानूनन प्रावधानों में बदलाव की मांग को लेकर अध्यक्ष मंडल सर्वजातिय खाप पंचायत का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता दाड़न खाप के प्रधान सूरजभान घसो ने की। खाप चौधरियों ने निर्णय लिया कि जिन कानूनन प्रावधानों से भाईचारा खराब हो रहा है। उन कानूनों को रद्द करने की मांग को लेकर सीएम नायब सैनी से मिला जाएगा। खाप चौधरियों ने कहा कि लिव इन रिलेशन, लव मैरिज, समगोत्र, गांव तथा गुहांड में शादी के मामले सामने आ रहे हैं। सामाजिक बुराई को कानूनन संरक्षण मिल रहा है। जिसके चलते सामाजिक तानबाने तथा भाईचारा खराब हो रहा है। गांव तथा खेडे. तथा समगौत्र के सभी लोग भाई बहन होते हैं। सामाजिक रूप से इन मे शादी करना मनाही है। अब कुछ समय से लव मैरिज तथा लिव इन रिलेशन के मामलो मे भी इजाफा हुआ है। जिसके चलते सामाजिक तानाबाना हासिये पर पहुच गया। परिवार बर्बाद हो रहे है। सरकार को चाहिए की लिव इन रिलेशन कानून को रद्द किया जाए। समगोत्र, गांव, गुहांड में शादी पर रोक लगाई जाए। लव मैरिज के दौरान मां-बाप की गवाही सुनिश्चित की जाए। क्योकि बेटी को लेकर मां-बाप के बडे अरमान होते है। इस मौके पर कडेला खाप के प्रधान औमप्रकाश कडेला,बिनैण खाप के रधुबीर सिह नैन, माजरा खाप के प्रधान सरदार गुरविंद्र सिंह, समुंद्र फोर व अन्य मौजूद थे। अध्यक्ष मंडल सर्वजातिय खाप के प्रवक्ता उमेद सिंह जागलान ने बताया कि कानून में समाज में पनप रही बुराइयों पर रोक लगानी जरूरी है। जिससे भाईचारा खराब हो रहा है।


**उचाना।** बीएलओ की मीटिंग को संबोधित करते हुए चुनाव प्रशिक्षक ट्रेनर राकेश बत्रा।

### 24 तक होगा फोटो युक्त मतदाता सूची का पुन निरीक्षण

**उचाना।** उचाना उपमंडल कार्यालय सभागार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची पुन निरीक्षण करने को लेकर मीटिंग कर बीएलओ को निर्देश दिए गए। एसडीएम गुलजार मलिक के निर्देश में पर हुई मीटिंग में चुनाव प्रशिक्षक ट्रेनर राकेश बत्रा ने कहा कि 1 जुलाई 2024 को क्वालीफाइंग तिथि मानते हुए घर-घर जाकर फोटो युक्त मतदाता सूची का पुन निरीक्षण किया जाना है। यह काम बड़ी गंभीरता से 24 जुलाई तक करना है। 25 जुलाई से 20 अगस्त तक मतदाता सूचियां से जुड़े दावे, आपत्तियां प्राप्त की जाएगी। जिन मतदाताओं की आयु 1 जुलाई 2024 को 18 वर्ष या उससे अधिक है और उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तो वह अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करने के लिए फॉर्म नंबर-6 के साथ संबंधित दस्तावेज और फोटोग्राफ लगाकर मतदाता सूची में दर्ज कर सकता है। उन्होंने कहा कि एप पर जाकर घर-घर जाकर ऑनलाइन सर्वे करना है। जिस किसी के दो मत मिलते है उनके नाम मतदाता सूची से हटाने, जिसकी फोटो साफ नहीं है उसको एडिट करने, जो मुख्य वोटर है जो ऑनलाइन है तो लेकिन मतदाता सूची में नहीं आए है उन मतदाता को ऑनलाइन मतदाता सूची में शामिल करने, जो लोग विदेश में गए है।

## शनिवार तक 130 विद्यार्थियों ने लिया दाखिला

# एडमिशन को लेकर आज भी खुली रहेगी आईटीआई

शनिवार को भी आईटीआई में पूरा दिन डाक्यूमेंट वैरीफिकेशन करवाते दाखिल लेने वाले विद्यार्थियों का तांता लगा रहा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

शुक्रवार को पहली मैरिट लिस्ट कम सीट अलाटमेंट जारी होने पर शनिवार को भी आईटीआई में पूरे दिन डाक्यूमेंट वैरीफिकेशन करवाते हुए दाखिल लेने वाले विद्यार्थियों का तांता लगा रहा। दाखिले को लेकर पहले से ही पूर्ण प्रबंध किए गए हैं। प्राचार्य सतीश मच्छाल और दाखिला कमेटी इंचार्ज सुरेंद्र सिंह वर्ग अनुदेशक ने बताया कि दाखिले को लेकर रविवार को भी आईटीआई खुली रहेगी तथा विद्यार्थी आकर अपना दाखिला ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार तक संस्थान में 130 दाखिले किए गए हैं।

बता दें कि कैथल के आईटीआई में 1224 सीटों के प्रति प्रदेश में सर्वाधिक करीब 12000 आवेदन पहुंचे हैं। विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी की गई प्रथम मैरिट लिस्ट में 735 सीट जारी की गई हैं। ऐसे में इन विद्यार्थियों को डाक्यूमेंट वैरीफिकेशन करवाने के लिए 2 जुलाई तथा फीस भरने के लिए 3 जुलाई निर्धारित की है।



कैथल। कैथल के आईटीआई में दाखिला करते दाखिला कमेटी के सदस्य।



फोटो : हरिभूमि

### 02 जुलाई तक फिजिकल वैरीफिकेशन

पहली मैरिट सूची में जिन विद्यार्थियों को सीट अलाटमेंट की गई हैं तो वे 2 जुलाई तक संबंधित आईटीआई में जाकर अपने मूल दस्तावेजों के साथ फिजिकल वैरीफिकेशन करवा सकते हैं। इसके बाद विद्यार्थी को आनलाइन पोर्टल पर ही 3 जुलाई तक अपनी फीस जमा करवानी होगी। जो विद्यार्थी फीस जमा नहीं करवाएंगे उनकी सीट अपने आप ही रद्द हो जाएगी।

### 3 जुलाई तक दाखिला ले सकेंगे विद्यार्थी

आईटीआई के जिला नोडल अधिकारी सतीश मच्छाल ने बताया कि पहली मैरिट लिस्ट में नाम आने वाले विद्यार्थी 2 जुलाई तक वैरीफिकेशन करवाते हुए 3 जुलाई तक दाखिला ले सकेंगे। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे जल्द से जल्द दाखिला लें। विद्यार्थी डाक्यूमेंट वैरीफिकेशन के लिए सभी मूल प्रमाण पत्र साथ लेकर आएं।

### देना होगा 500 रुपये जुर्माना

जिन विद्यार्थियों को पहली मैरिट में सीट अलाट हुई है लेकिन यदि विद्यार्थी उस सीट पर दाखिला नहीं लेना चाहता तथा अपनी च्वाइस बदलना चाहता है तो इसके लिए उसे 4 जुलाई को पोर्टल पर 500 रुपये जुर्माना अदा करना होगा। यदि जुर्माना अदा नहीं किया तो उसकी च्वाइस लॉक हो जाएगी तथा वह आगामी मैरिट लिस्ट में भाग नहीं ले सकेगा।

### दूसरी मेरिट लिस्ट का ये रहेगा ब्योरा

खाली सीटों का ब्यौरा- 4 जुलाई को
दूसरी मेरिट लिस्ट कम सीट अलाटमेंट - 9 जुलाई
डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन- 9 से 12 जुलाई तक
फीस जमा करवाने की तिथि- 9 से 13 जुलाई तक

### पोर्टल से अपना सीट अलाटमेंट लेटर लाएं

प्रदेश के अधिकतर राजकीय आईटीआई में रविववार को अवकाश होने के बावजूद भी दाखिला कमेटियों द्वारा दाखिला किया जाएगा। जिन विद्यार्थियों को सीट जारी संबंधित मैसेज मिला है तो वे आनलाइन पोर्टल से अपना सीट अलाटमेंट लेटर लेकर संबंधित आईटीआई में जाकर दाखिला ले सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### अधिकारी की नियुक्ति पर रोक लगाने की मांग

**कैथल।** कलायत के एक व्यक्ति ने एसपीआईओ हरियाणा लोक सेवा आयोग को शिकायत भेजकर एक एचसीएस अधिकारी की नियुक्ति पर रोक लगाने की मांग की है। शिकायत की प्रति एसपी कैथल, चेयरमैन एचपीएससी हरियाणा, मुख्य सचिव हरियाणा, मुख्य मंत्री और राज्यपाल को भेजी गई हैं। शिकायत में कहा है कि मूल रूप से चीका निवासी अश्वनी गुप्ता का क्रम संख्या 61 पर रोल नंबर 2541 (सामान्य/अनारक्षित) पीडब्ल्यूबीडी-वीएच हरियाणा सिविल सेवा का कैडर आबंटित किया जाना दिखाया गया है।

### मकान से नकदी व गहने चोरी, मामला दर्ज

**कैथल।** सीवन में अज्ञात आरोपी मकान से नकदी व गहने चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सीवन निवासी अमित ने अपनी शिकायत में बताया कि 19 मई को रात के समय अज्ञात आरोपी उनके घर से सोना-चांदी के गहने और 60 हजार रुपये चोरी कर ले गए।

### महिला से मारपीट व छेडखानी का आरोप

**कैथल।** जिले के एक गांव में एक आरोपी ने 35 वर्षीय महिला से मारपीट व छेडखानी की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। 35 वर्षीय महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि 25 जून को आरोपी मल्ली ने उसके साथ मारपीट की। साथ ही उसके साथ छेडखानी करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। जांच अधिकारी ईश्वर सिंह ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अनेक नवाचार विधियों के साथ प्रशिक्षण का समापन

**सीवन।** पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित तीन दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप में अध्यापक प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ।
वर्कशॉप के अंतिम और तीसरे दिन में आज अध्यापकों को अनेक प्रकार की नवाचार विधियां सिखाई जैसे कि छात्रों को जीवन में आत्म निर्भर बनाने के लिए वोकेशनल एजुकेशन, सेल्फ डिफेंस और डिजिटल लर्निंग इत्यादि।

### मारपीट और धमकी देने का आरोप, मामला दर्ज

**कैथल।** गांव थेहनेवल में 10 आरोपियों ने एक व्यक्ति से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी सतपाल ने चीका थाना में शिकायत दी कि 27 जून को सुबह करीब 10 बजे आरोपी मेवा, राजपाल, रोहताश, परमजीत सिंह व पांच-छह अन्य व्यक्तियों ने उससे मारपीट करते हुए चोटें मारी।

### दुष्कर्म मामले में किशोर को भेजा बाल सुधार गृह

**कैथल।** नाबालिगा से दुष्कर्म करने के मामले की जांच थाना शहर पुलिस की लेडी एसआई धनपति की टीम द्वारा करते हुए कैथल निवासी एक 17 वर्षीय किशोर को निरुध किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कैथल की एक कॉलोनी निवासी महिला की शिकायत अनुसार उसकी 17 वर्षीय बेटी शहर के ही एक 17 वर्षीय किशोर के साथ एक ही शिक्षण संस्थान में पढ़ाई कर रही है।

### उपभोक्ताओं की सतर्कता की बहुत बड़ी भूमिका

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार बताया कि बढ़ते हुए साइबर अटैक अथवा साइबर अपराधों को रोकने में सरकार ही नहीं बल्कि उपभोक्ता की भी बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। ऐसे हमलों को रोकने में उपभोक्ताओं की सजगता और सतर्कता की बहुत बड़ी भूमिका होती है। साइबर अटैक के लिए आवश्यक है कि उपभोक्ता, फोरम या वेबसाइट्स पर अपनी संवेदनशील जानकारी ईमेल आईडी, पासवर्ड, क्रेडिट कार्ड की डिटेल शेयर न करें। अपना पासवर्ड मजबूत रखें, कोई भी लिंक क्लिक करने से पहले देखें कि वह वेबसाइट ठीक है।

## तीन दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का समापन



राजौंद। राजकीय कन्या वमावि में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते हुए शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

राजौंद के राजकीय कन्या वमावि में शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार चल रहे तीन दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का शनिवार को समापन हो गया। कार्यशाला का आयोजन बी आर सी गुलदीप सिंह की देखरेख में किया गया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर कश्यप ने बताया की गुणात्मक शिक्षा को बनाने के लिए शिक्षकों को तीन दिन तक प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में पीएम श्री कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद व पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सौगल से 40 शिक्षकों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला ऑनलाइन तरीके से आयोजित की गई। कार्यालय में पीएम श्री स्कूलों में नई शिक्षा नीति 2020 पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। स्कूलों में पूर्ण रूप से नई शिक्षा नीति लागू करके शिक्षक और अधिगम को बेहतर बनाकर गुणात्मक शिक्षा हेतु परिचर्चा की गई। स्कूलों का स्वच्छ वातावरण हरा भरा व सुंदर बनाने के लिए भी विचार विमर्श किया गया। इस दौरान कर्ण सिंह, तरसेम राणा, गुरप्रीत कौर, सुरेश राविश, सोनू गिल, रुचि ढांडा, संगीता, प्रवीण बलराज, प्रवीण बलराज, सीमा लैलर, संतोष नैन, डिंपल, माला देवी, बीर मती, नीरज मैडम सुनील सहित कई अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### चार दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा शिविर का समापन

**कैथल ।** एक तरफ सरकार और प्रशासन द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए हर महीने सड़क सुरक्षा कार्यक्रम किये जा रहे हैं, वही हरियाणा रेडक्रॉस दुर्घटनाओं में घायल पीड़ित और असहाय लोगों की मदद के लिए लगातार पूरे प्रदेश में जिला रेडक्रॉस शाखा के माध्यम से कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। यह जानकारी देते हुए जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव रामजीलाल ने बताया कि हरियाणा राज्य रेडक्रॉस शाखा चंडीगढ़ द्वारा 25 जून से लेकर 28 जून तक पूरे हरियाणा प्रदेश से 48 प्रतिभागियों को प्राथमिक चिकित्सा और होम नर्सिंग का रिफ्रेशर कोर्स करवाया, जिसमें जिले कैथल से चार प्रतिभागियों ने उक्त प्रशिक्षण शिविर मे भाग लिया। जो हरियाणा राज्य के अंदर भिन्न-भिन्न शाखाओं में आमजन को फर्स्ट एड की ट्रेनिंग देने का काम करते हैं। प्राथमिक चिकित्सा शिविर में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रतिभागियों को सड़क दुर्घटना में घायल होने पर, बिजली का करंट लगने पर, पानी में डूबने, हार्ट अटैक आने, किसी भी तरीके का दौरा पढ़ने, बेहोश होने, हड्डी के टूटने का उपचार के बारे में लगातार हर रोज 12 से 15 घंटे प्रशिक्षण दिया गया और जो भी रेडक्रॉस की मानवता के कार्यों हेतु गतिविधियां थी उनके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## न्यूज डायरी

### सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि हरियाणा सरकार ने पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री सहित प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों की सिफारिशों के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। सर्वोच्च नागरिक सम्मान में शुमार इन पुरस्कारों की घोषणा 26 जनवरी, 2025 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाएगी। डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि निर्धारित समय-सीमा में केवल ऑनलाइन भेजे गए नामाकनों पर ही विचार किया जाएगा। निर्धारित समय-सीमा के बाद प्राप्त किसी भी नामांकन पर विचार नहीं किया जाएगा। पद्म पुरस्कारों, अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री, को देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार माना जाता है।

### आपातकाल सत्याग्रहियों की पेंशन में की अभूतपूर्व वृद्धि

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि हरियाणा सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों, हिंदी आंदोलन-1957 के मातृभाषा सत्याग्रहियों व आपातकाल सत्याग्रहियों की मासिक पेंशन में अभूतपूर्व वृद्धि की है। यह बढ़ी हुई पेंशन 1 जुलाई, 2024 से लागू होगी। हरियाणा सरकार ने लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान में कई योजनाएं शुरू की हैं। डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि हरियाणा राज्य शुभ्र ज्योत्सना पेंशन योजना दिसम्बर 2017 से शुरू की गई थी। इसके तहत लोकतंत्र सेनानियों व उनकी विधवाओं को मासिक पेंशन दी जा रही है। पहली जुलाई, 2024 से उनकी मासिक पेंशन 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 20 रुपये हो जाएगी।

### हल्की बरसात से गलियों में भरा पानी, लोग दुःखी

**राजौंद।** दोपहर शनिवार को बरसात से मौसम में पूरी तरह परिवर्तन आ गया है। जिससे पिछले कई दिनों से भयंकर गर्मी से जूझ रहे लोगों ने राहत महसूस हुई। हालांकि बरसात के बाद धूप निकलने से फिर से गर्मी व उमस का लोगों को सामना करना पड़ा। इससे सुबह का मौसम काफी सुहावना रहा और दोपहर बाद फिर वही तेज धूप का लोगों को सामना करना पड़ा। दुर्गा मंदिर वाली गली वार्ड नंबर 8 की में से तो खाली निकलना भी मुश्किल हो गया। हालत यह बन रहे कि लोगों को अपने वाहन घरों में ही रखने पड़े क्योंकि गली से पैदल भी नहीं निकला जा रहा था। वहीं मुख्य मार्ग पर भी जगह.जगह पानी भरने से वाहन चालकों को बहुत परेशानी झेलनी पड़ी।

### विवाह पंजीकरण की प्रक्रिया को किया सरल : डीसी

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि हरियाणा सरकार ने प्रदेश में विवाह पंजीकरण की प्रक्रिया को और सरल करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में सिटी मजिस्ट्रेट (सीटीएम), तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खंड विकास पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) सहित ग्राम सचिव को मैरिज रजिस्ट्रार के रूप में नामित किया है। इस संबंध में प्रदेश सरकार द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। अब विवाह पंजीकरण करवाने वाले लोग लोकल स्तर पर अपनी सुविधा अनुसार ग्राम सचिव से लेकर बीडीपीओ, नायब तहसीलदार, तहसीलदार और सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से मैरिज रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

### 28वें महावीर अवार्ड के लिए 30 जुलाई तक करें आवेदन

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि भगवान महावीर फाउंडेशन द्वारा 28वें महावीर अवार्ड के लिए चार क्षेत्रों क्रमशः अहिंसा व शाकाहार, शिक्षा, दवा व समुदाय और सामाजिक सेवा में आवेदन आमंत्रित किए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 30 जुलाई निर्धारित की गई है। फाउंडेशन द्वारा उपरोक्त चार क्षेत्रों में पुरस्कार दिए जाने हैं, जिनमें प्रत्येक क्षेत्र में विजेता को 10 लाख रुपये, एक प्रशस्ति पत्र और एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवार्ड के लिए गरीब तबके व समाज के लिए सेवाएं देने वाले संस्थान और लोग आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत अहिंसा और शाकाहार, शिक्षा, दवा व समुदाय और सामाजिक सेवा के अवार्ड दिए जाएंगे।

## पुलिस की टीम ने आमजन को किया नशे के खिलाफ जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। एचसी सुनील ग्रामीणों को नशा न करने बारे जागरूक करते हुए।

पुलिस टीम द्वारा आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत एसआई कर्मबीर सिंह,एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही रीतु तथा होमगार्ड गुरदेव की टीम द्वारा गांव गांव कुतुबपुर, गुहणा, सीवन, बलबेहड़ा, भागल, कांगथली व कैथल में आमजन को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान पुलिस टीम द्वारा जानकारी दी गई कि नशा एक सामाजिक बुराई है। इसका सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है। नशा शरीर में रोगों तथा आपराधिक गतिविधियों की जड़ है। नशा का सेवन करने वाला व्यक्ति समाज में अपना मान सम्मान खो देता है। नशा से आर्थिक नुकसान के साथ साथ शारीरिक नुकसान भी होता है। इस बुराई के खिलाफ सामाजिक आंदोलन चलाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नशे के धंधे में लिप्त कुछ लोग चंद पैसे कमाने के चक्कर में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है जोकि सरासर गलत है जिसको कदापि सहन नहीं किया जाएगा। हमें युवा वर्ग को नशे की चपेट में आने से बचाना होगा।

## सतर्क व सचेत रहकर करें अपने पैसे की सुरक्षा : शुभ्रांशु

- किसी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर 1930 पर कॉल करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



पीएसआई शुभ्रांशु

पुलिस विभाग द्वारा आमजन को साइबर ठगो से सावधान करते हुए जागरूक किया जा रहा है। ऐसे ही एक तरीका फर्जी पुलिस या फर्जी कस्टम अधिकारी बनकर आमजन से पैसे की डिमांड करने का है। इस बारे साइबर क्राइम थाना के पीएसआई शुभ्रांशु द्वारा आमजन को सतर्क रहने का आग्रह किया गया है। वारदात का तरीका बताते हुए पीएसआई शुभ्रांशु ने कहा कि साइबर ठग आमजन को इंटरनेशनल नंबर या अन्य नंबर से कॉल करते है तथा कहते है कि आपका एक कोरियर एयरपोर्ट या अन्य जगह पर आया हुआ है, इसमें आपने नशीली दवाईयां या अन्य मादक पदार्थ तस्करी के लिए मंगवाया है। वो आपको पुलिस की वर्दी में वीडियो कॉल करके केस में फंसाकर जेल में भेजने की धमकी देते है। मामले की निपटारा करने के लिए वो पैसों की डिमांड करते है या बैंक अकाउंट की जानकारी, आधार कार्ड नंबर समेत कई अन्य निजी जानकारी सांझा करने के लिए कहते है।



कैथल। भंडारे में प्रसाद लेते श्रद्धालु ।

### हकीम हरिचंद की कुटिया में लगाया भंडारा

**कैथल।** हकीम हरि चन्द की कुटिया मे संत शिरोमणि स्वामी वासुदेव जी महाराज की पुण्यतिथि पर एक 67वां वार्षिक महान यज्ञ का आयोजन किया गया जिसने की पहले कीर्तन प्रवचन का आयोजन हुआ उसके बाद भगतजन के लिए प्रसाद के रूप में लंगर का आयोजन किया गया। हर वर्ष कुटिया में इस प्रकार के बड़े आयोजन किए जाते हैं। कुटिया के संचालक गोपाल कृष्ण ने बताया कि हर वर्ष की तरह महान यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें सभी भक्त जनों ने पूजा अर्चना की व महाराज की पुण्यतिथि पर महाराज के द्वारा दिए गए वचनों पर चलने का प्रण लिया। गोपाल कृष्ण ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाजन से पहले डेरे की स्थापना हुई 1957 में स्वामी वासुदेव महाराज जी इस डेरे में चोला छोड़ गए थे उनकी पुण्यतिथि पर हर साल महान यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया जाता है।

## कालेज में पंजीकरण की अंतिम तिथि आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

30 जून को रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि है, इसलिए विद्यार्थी आज आरकेएसडी कॉलेज, कैथल में रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे। उच्चतर शिक्षा विभाग से प्राप्त नवीनतम जानकारी के अनुसार, पहली प्रोविजनल मेरिट सूची अब 4 जुलाई को प्रदर्शित की जाएगी और अंतिम मेरिट सूची 5 जुलाई को प्रदर्शित की जाएगी। पहली मेरिट सूची के छात्र 5 से 9 जुलाई तक प्रवेश ले सकते हैं, जिसके बाद अगली तिथि को दूसरी मेरिट सूची 10 जुलाई को प्रदर्शित की जाएगी। छात्र 1 जुलाई तक अपने फॉर्म संपादित कर सकते हैं जबकि 2 जुलाई तक ऑनलाइन दस्तावेज सत्यापन किया जाएगा। प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने कहा कि पहली मेरिट सूची में तिथि के परिवर्तन के बाद, छात्र अब 1 जुलाई तक अपने आवेदन पत्र को संपादित कर सकते हैं जो ओटीपी आधारित है। कॉलेज ने इस वर्ष पूरी पंजीकरण प्रक्रिया को अधिकतम मार्गदर्शन और सहायता के साथ प्रबंधित किया है, जो छात्रों को सीट आबंटन और विषय संयोजन के बारे में भ्रमित और अस्पष्ट थे। अब तक कॉलेज को लगभग 4500 पंजीकरण प्राप्त हुए हैं और इस महीने के अंत तक विलंब शुल्क के साथ पंजीकरण समाप्त होने तक यह संख्या 6000 को पार करने की उम्मीद है।



कैथल। आरकेएसडी कालेज मे पंजीकरण करवाए आए विद्यार्थी फोटो : हरिभूमि

### नए कानूनों बारे सभी अनुसंधानकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका

# कार्रवाई के लिए कैथल पुलिस पूरी तरह से तैयार: उपासना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। नए कानून के संबंध में प्रशिक्षण प्राप्त करते पुलिसकर्मी।

1 जुलाई 2024 से नए कानूनों के तहत कार्यवाही के लिए कैथल पुलिस पुरी तरह से तैयार है। एसपी उपासना ने जानकारी देते हुए बताया कि नए कानूनों बारे सभी अनुसंधानकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है तथा कैथल पुलिस इसके तहत कार्यवाही करने के लिए तैयार है।

एसपी उपासना ने कहा कि भारतीय दण्ड संहिता , दण्ड प्रक्रिया संहिता तथा साक्ष्य अधिनियम की जगह भारतीय न्याय संहिता , भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम ने ली है। अब कानून व पुलिस प्रक्रिया नए कानूनों के अनुसार लागू होगी। भारतीय दंड संहिता में जहां 511 धाराएं थी वहीं अब भारतीय न्याय संहिता में 358 धाराएं हैं। जिनको 20 अध्याय में विभाजित किया गया है, 33 अपराधों में सजा अवधि बढ़ाई है, 83 अपराधों में जुमार्ने की राशि बढ़ाई है, 23 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम सजा का प्रावधान किया गया है। भारतीय न्याय संहिता के माध्यम से सजा के एक नए तरीके के तौर पर सामुदायिक सेवा को जोडा गया है तथा 6 अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा का प्रावधान रखा गया है।

### नए कानूनों के मुख्य बिंदु इस प्रकार है

. भारतीय न्याय संहिता में आईपीसी की ज्यादातर धाराओं को शामिल किया गया। भारतीय न्याय संहिता में कम्युनिटी सर्विस को सजा के तौर पर शामिल किया गया है। आतंकवाद को एक अपराध के तौर पर शामिल किया गया है। अब पुलिस को केवल वर्तमान में मौजूद वअढअ एक्ट पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। राजद्रोह के स्थान पर भारत की संप्रभुता, अखंडता, एकता को खतरे में डालना को शामिल किया गया है। किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह के द्वारा हिंसा की धमकी हिंसा का उपयोग या किसी अन्य गैर-कानूनी तरीके से अपराध करने को संगठित अपराध करने की श्रेणी में लिया गया है, जिसके लिए भारतीय न्याय संहिता की धारा 111 में सजा का प्रावधान है। आर्थिक अपराधों को भी इस श्रेणी में शामिल किया गया है। किसी अपराध को करने के लिए बच्चों को काम में लगाना को भारतीय न्याय संहिता की धारा 95 के अंतर्गत अपराध माना जाएगा। भारत में अपराध के लिए भारत के बाहर किसी को बहकाना या उकसाना को भारतीय न्याय संहिता की धारा 48 के अंतर्गत अपराध माना जाएगा। किसी महिला की निजी तस्वीरें बिना महिला की इजाजत के खींचना/देखना भारतीय न्याय संहिता के द्वारा 77 के अंतर्गत, किसी महिला का पीछा करना भारतीय न्याय संहिता की धारा 78 के अंतर्गत अपराध माना जाएगा।8. बलपूर्वक तथा हिंसा करते हुए दंगे करना भारतीय न्याय संहिता की धारा 191 के अंतर्गत अपराध माना जाएगा।

### लाभार्थियों को वितरित किए जाएंगे प्रमाण पत्र

**कैथल ।** डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि 30 जून को दोपहर 2 बजे सामाजिक सुरक्षा पैंशन, डा. भीमराव अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण अवास योजना का लाभ वितरण के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जाखौली अड्डा स्थित राजकीय कन्या वमावि में किया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक लीला राम एवं पूर्व राज्यमंत्री कमलेश ढांडा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में नए पात्र लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पैंशन प्रमाण-पत्र तथा डॉ. भीम राव अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। इसके साथ ही जिला पानीपत में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश वासियों को संबोधित भी करेंगे।

## खबर संक्षेप

### गुरूद्वारा में सोने की चेन तोड़ने वाली महिला काबू

**जींद।** गढ़ी थाना पुलिस ने गांव धमतान साहिब गुरूद्वारा में माथा टेकने गई महिला के गले से सोने की चेन तोड़ने वाली महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित महिला से पूछताछ कर रही है।

गीता कालोनी टोहाना निवासी प्रोमिला ने गत 12 जून को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह अपने के पति के साथ गांव धमतान साहिब गुरूद्वारा मे मत्था टेकने आई हुई थी।

### अनुमति लिए बिना तोड़ा बंद होटल का ताला, केस

**कैथल।** गांव ग्योंग में एक आरोपी ने जिला नगर योजनाकार की अनुमति लिए बिना विभाग की ओर से बंद किए गए होटल का ताला तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी रोहित चौहान ने सदर थाना में शिकायत दी कि गांव ग्योंग में रामगढ़ निवासी मांगेराम ने हाइवे के पास अभिनंदन होटल बनाया था।

### श्मशान घाटों का होगा नवीकरण : रामनिवास

**नरवाना।** विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा के प्रयासों से हल्के के हर गांव तक विकास पहुंचाने का प्रयास जारी है। इसी कड़ी में गांव के श्मशान घाटों व कब्रिस्तानों में असुविधा होने से ग्रामीणों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। विधायक ने प्रयास किए और नरवाना हल्के के 45 गांव में 5. 27 करोड़ से श्मसान घाटों में कब्रिस्तान के नवीनीकरण के लिए धनराशि स्वीकृत हुई है।

### डेयरी संचालक पर हमले के विरोध में महापंचायत आज

**कैथल।** बालाजी कॉलोनी निवासी डेयरी संचालक प्रवीण कुमार पर हमले के विरोध में रविवार 9:30 बजे सीवन गेट की जिला सर्व ब्राह्मण धर्मशाला में ब्राह्मण महापंचायत का आयोजन होगा। यह जानकारी देते हुए जीवन रक्षक दल के राजू डोहर ने बताया कि प्रवीण पर 24 जून को पार्षद दीपक व उसके पिता विनोद कठवाड़ पांच बदमाशों को भेज कर गंडासियों से हमला करवाया था।

### यौन शोषण का आरोपी गिरफ्तार

**जींद।** गढ़ी थाना पुलिस ने संदिग्ध हालात में लगभग एक माह पहले गायब हुई युवती को बरामद कर आरोपित को काबू किया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ अपहरण, यौन शोषण करने की धाराएं जोड़ कर पूछताछ शुरू कर दी है।

गढ़ी थाना इलाका गांव के एक व्यक्ति ने गत एक जून को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी भतीजी घर से कॉलेज के लिए निकली थी। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटी।

### कैथल में सिख न्याय चौपाल एक जुलाई को

**कैथल।** कैथल में एक जुलाई को पंजाबी सेवा सदन में सिख न्याय चौपाल का आयोजन होगा। हरियाणा अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सरदार त्रिलोचन सिंह ने बताया कि सिख चौपाल में दोपहर 12 बजे हरियाणा के सिखों के अधिकारों और उनकी समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव दीपक बावरिया करेंगे।

### जींद:स्कूटी की टक्कर से बाइक सवार दंपती घायल

**जींद।** उचाना अनाज मंडी में तेज रफ्तार स्कूटी ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दंपत्ति घायल हो गया। उचाना थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर फरार स्कूटी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव उचाना कलां निवासी ईश्वर ने पुलिस को शिकायत दी है।

### प्रताड़ित करने के आरोप में पति व सास गिरफ्तार

**कैथल।** कैथल क्षेत्र की कालोनी की एक बेटी के साथ दहेज के लिए मारपीट कर उसे प्रताड़ित करने के आरोप में थाना शहर पुलिस की लेडी एचसी बबली द्वारा पीड़िता के पति रोहताश व सास राजकला निवासी गांव पाई को गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़िता द्वारा पुलिस को दी शिकायत अनुसार पीड़िता की शादी 10 मई 2015 को रोहताश उपरोक्त के साथ हुई थी।

---

### एक करोड़ खर्च करने के बावजूद लोगों को नहीं मिला नहरी पानी

# पेयजल किल्लत से परेशान ग्रामीणों ने नगूरां- उचाना सड़क पर लगाया जाम

### वाहनों की लगी लंबी कतारें, अधिकारियों पर लगाए घालमेल करने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

पेयजल की मांग को लेकर बधाना गांवों के लोगों ने शनिवार को नगूरां-उचाना मार्ग पर गांव के जलघर के सामने अवरोधक डालकर जाम लगा दिया। जाम की सूचना मिलते ही नगूरां पुलिस चौंकी प्रभारी नफे सिंह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीणों ने जलापूर्ति विभाग के अधिकारियों के आने तक जाम खोलने से मना कर दिया। जिससे नगूरां चौंकी प्रभारी ने मौके पर जलापूर्ति विभाग के जेई रोहित को बुलाकर लोगों की पीने के पानी की समस्या शाम तक दुरस्त करने का आश्वासन देकर करीब दो घंटे से लगे जाम को खुलवा दिया। जाम के कारण रोड़ पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी लाइने लग गई। जिससे राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पानी की मांग कर रहे पुरूषों तथा महिलाओं ने जाम के दौरान सड़क पर पानी के खाली मटके रखकर सरकार एवं जलापूर्ति विभाग के अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नारेबाजी कर रहे पुरूषों तथा महिलाओं ने बताया कि सरकार ने बधाना गांव में सुधारीकरण के नाम पर करोड़ों रूपये का बजट जारी किया था, लेकिन जलापूर्ति विभाग के उच्चाधिकारियों ने ठेकेदार से मिलीभगत कर बजट को सही ढंग से लगाने की बजाए पूरे बजट में ही घालमेल कर दिया। करोड़ों रूपये खर्च होने के बाद भी अभी तक गांव के लोगों को नहरी पानी की एक भी बूंद नसीब नहीं हुई है। यही नहीं सबमर्सीबल पर घटिया क्वालिटी का स्टार्टर रखने के चलते बार-बार जल रहा है। जिसके कारण गांव के लोगों को महिने में केवल मात्र तीन से चार दिन ही पीने का पानी नसीब होता है। ग्रामीणों ने बताया कि नहरी पानी के लिए जरूरी सामान को ही कर्मचारियों ने अधिकारियों की मिलीभगत के चलते बेच खाया। इसके लिए स्वयं कर्मचारियों ने सीएम विंडो के माध्यम से एक शिकायत जलापूर्ति विभाग के अधिकारियों के पास भेजी थी, लेकिन अधिकारियों ने मामले की जांच करने की बजाए शिकायत को ही दबा दिया है। जिसके कारण नहरी पानी के लिए लगाए उपकरण ही जलघर से गायब हैं। ऐसे में गांवों के लोगों को नहरी पानी उपलब्ध होने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



अलेवा। ग्रामीणों को समझाते नगूरां चौंकी प्रभारी नफे सिंह व अन्य।



नगूरां-उचाना मार्ग पर बधाना गांव में अवरोधक डालकर जाम लगाते ग्रामीण।

#### लोड की अधिकता से जल रहा स्टार्टर : जेई

जलापूर्ति विभाग के जेई रोहित ने बताया कि लोड की अधिकता के चलते बार-बार स्टार्टर के जलने के कारण ऐसी दिक्कत आ रही है। जल्द ही कैथल से बड़े स्टार्टर को मंगवा कर लोगों के पीने के पानी की किल्लत दूर कर दी जाएगी। नहरी पानी के लिए भी सभी जरूरी उपकरण जल्द जलघर में लगा दिए जाएगें और नहरी पानी के लिए साथ लगती माइनर से सिंचाई विभाग के अधिकारियों से स्वीकृति भी ली जाएगी। क्योंकि जींद नहर से बधाना गांवों स्थित जलघर के टैंकों को नहरी पानी नहीं मिल रहा है।

#### जेई को महिलाओं ने सुनाई खरी-खोटी

जैसे ही जाम लगा रहे ग्रामीणों के सामने जलापूर्ति विभाग के जेई रोहित मौके पर पहुंचे तो ग्रामीण महिलाओं ने जेई को खरी-खोटी सुनानी शुरू कर दी है। मामले को बढता देख नगूरां चौंकी प्रभारी नफे सिंह ने बीच-बचाव कर मामले को शांत करवाया। महिलाओं का कहना था कि जेई के पास बार-बार पेयजल किल्लत के लिए फोन करने के बावजूद भी एक सप्ताह से झूठे आश्वासन दिए जा रहा है। महिलाओं ने जेई से पूछा कि जलघर के टैंकों में जब पानी ही स्टोर नहीं है तो आपका द्वारा किस आधार पर नहरी पानी देने के दावे किए जा रहे हैं। नहरी पानी के लिए जरूरी उपकरण फील्टर, वाल आदि को आपके कर्मचारी बेच कर खा गए हैं। ऐसे में आप जांच करने की बजाए लोगों को नहरी पानी देने के नाम पर बेकूफ बना रहे हैं। ग्रामीणों महिलाओं ने जलापूर्ति विभाग के उच्चाधिकारियों से नहरी पानी के लिए सभी जरूरी उपकरण जल्द उपलब्ध करवा नहरी पानी देने की मांग की है।

---



उचाना। चोरी की वारदात के बाद पहुंची जांच टीम। फोटो :हरिभूमि

## सुभाष बराला की बहन के घर से 30 तोले सोना आधा किलो चांदी, पांच लाख की नकदी चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

उचाना शहर की देवा सिंह कालोनी में रा'यसभा सदस्य एवं सुभाष बराला की बहन के के मकान पर चोरी की बड़ी घटना हुई। चोरों द्वारा मकान से चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए करीब 30 से 35 तोले सोना, आधा किलो चांदी एवं नगदी साथ ले गए। चोर जाते हुए घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीडीआर को भी साथ ले गए। चोरी की वारदात का पता सुबह चला जब घर के लोग उठे तो मकान के कमरे में सामान बिखरा मिला। पुलिस ने अमित की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरी की सूचना मिलने पर फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम के अलावा अन्य टीम पुलिस की पहुंची। पूरे मकान को पुलिस ने खंगाला ताकि कोई सबूत मिले। चोरों द्वारा मकान के दरवाजे की जाली को तोड़ कर दरवाजे को खोल कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। अमित ने बताया कि हर रोज की तरह परिवार के लोग मकान के दरवाजों को सही तरीके से बंद करके सो गए थे। सुबह जब उठे तो मकान का सामान बिखरा हुआ था। मकान में रखी तिजोरी खुली हुई थी। चोर तिजोरी से करीब 30 तोले सोना, आधा किलो चांदी एवं 5 लाख की नगदी ले गए। यहां से जाते समय डीवीडीआर भी वो साथ ले गए। पुलिस के अलावा वो भी आस-पास के सीसीटीवी कैमरों की रिकोर्डिंग देख रहे है ताकि पता लग सकें कि चोरी करवाने वाले कौन है।



देवा सिंह कालोनी में बराला की बहन का मकान जहां चोरी की वारदात हुई।

#### मामले की जांच जारी

जांच अधिकारी भूपेंद्र ने बताया कि देवा सिंह कालोनी में चोरी की सूचना मिलने पर पहुंचे। मकान मालिक अमित की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। शिकायकर्ता के अनुसार चोर सोने के जेवरात, चांदी एवं नगदी ले गए है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आस-पास के सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है।

---

# टास्क देकर 8.17 लाख का चूना

- पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया धोखाधड़ी का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ टास्क देकर आठ लाख 17 हजार रुपये हडपने पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव शाहपुर निवासी कृष्ण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह फेसबुक पर ट्रेडिंग एप को देख रहा था। जिस पर घर पर कार्य करने के बारे में कहा गया था। जिसके लिंक के क्लिक करते ही वह व्हाट्सअप पर डायवर्ट हो गया और उसे टेलीग्राम का लिंक मिला। जिसमें क्लिक करने के साथ बैंक अकाउंट डिटेल मांगा गया। जिस पर उसने 1300 रुपये भेज दिए। जिसके बाद टास्क व रिवार्ड का झांसा दिया गया। जिसके साथ उसके वायलेट में प्रोफिट भी दिखाई देने लगा। जिस पर उसने ओर राशि को लगा दिया। जिसके चलते उसने कुल आठ लाख 17 हजार रुपये आरोपितो के खाते में भेज दिए। जिसके बाद उसे अहसास हुआ कि उसके साथ धोखाधड़ी हो रही है। साइबर थाना पुलिस ने कृष्ण की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### अमेरिका भेजने के नाम पर 10 लाख रुपये ठगे

**कैथल।** युवती को अमेरिका भेजने के नाम पर एक आरोपी ने उसके पिता से 10 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सनसिटी कैथल निवासी विनोद कुमार ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि वह अपनी बेटी शिवानी को अमेरिका भेजना चाहता था। उसकी पहचान चंडीगढ़ निवासी प्रिंस से हुई। जनवरी 2023 में प्रिंस ने शिवानी को अमेरिका भेजने के नाम पर उससे 10 लाख रुपये खाते में डलवा लिए। रुपये लेने के बाद आरोपी चार महीने तक टाल-मटौल करता रहा, लेकिन उसकी बेटी को अमेरिका नहीं भेजा। जून 2023 में उसने कहा कि वह लडकी को अमेरिका नहीं भेज सकता और पैसे वापस कर देगा, लेकिन आज तक उसने कोई पैसा नहीं लौटाया। अब रुपये मांगने पर आरोपी उसे धमकी देता है कि जो करना है करो, वह रुपये वापस नहीं देगा। जांच अधिकारी संजय ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 1.65 लाख की ठगी, भाई को जेल भेजने की धमकी

**कैथल।** कैथल जिले में एक युवक से इंग्लैंड में रह रहे उसके भाई को भारत वापस और जेल भेजने का झांसा देकर एक युवक से ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कैथल शहर थाना पुलिस को दी गई शिकायत में बिशनगढ़ कॉलोनी निवासी राहुल ने बताया कि उसका भाई नरेंद्र पिछले करीब डेढ़ साल से इंग्लैंड में रह रहा है। 5 जून को शाम करीब 5 बजे एक आरोपी का फोन आया। उसने कहा कि आपका भाई इंग्लैंड में फंसा है। यदि आप हमारे पास पैसे नहीं भेजेंगे, तो इसको यहां से भारत वापस भेज दिया जाएगा या फिर जेल में जाना पड़ेगा। जिसको लेकर आरोपी ने उसके साथ उसके भाई के लिए 2.45 लाख रुपए में बातचीत की। कहा कि यदि आप उक्त राशि हमारे खाता नंबर में भेज देंगे, तो हम आपके भाई को भारत वापस आने से रुकवा देंगे ओर उसको जेल में भी नहीं जाने देंगे।

# पानी की निकासी न होने से लोग दु:खी

### कई बार प्रशासन को अवगत करवा चुके, समाधान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजौंद के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को जाने वाली गली की दुर्दशा को लेकर लोगों ने रोष जताया है। उधर स्कूल स्टाफ ने भी कहा कि 1 जुलाई से स्कूल खुल रहे हैं ऐसे में हजारों की संख्या में यहां बच्चे स्कूल जाते हैं। लेकिन गली की दुर्दशा से देखकर यहां से पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। बार.बार प्रशासन को अवगत करवाने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं निकल रहा। जिससे लोगों को परेशानी झेलने को मजबूर होना पड़ रहा है। इस बारे वार्ड नंबर 6 निवासी महावीर शर्मा, सुभाष, मिंटू, टीटा, लक्ष्मी देवी, पसन्न ने बताया कि वह लंबे समय इस गली की दुर्दशा बनी हुई है। जिसे लेकर बार.बार प्रशासन को गुहार लगा रहे हैं लेकिन निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा रहा। जिससे आने वाले बरसात के मौसम में लोगों को अभी परेशानी पुरानी पड़ेगी। क्योंकि गली में सीवरेज पाइप खोदकर डालने के बाद गली की दुर्दशा और भी ज्यादा खराब गई है।



राजौंद। कन्या स्कूल को जाने वाली गली में जमा कीचड़।

---

## प्रिंसिपल ने छात्रा से की बेरहमी से मारपीट, 3 माह बाद केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

स्वामी ब्रह्मानंद गुरुकुल पुंडरी की प्रिंसिपल ने आठवीं कक्षा की छात्रा से मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। ऐसा बताया जा रहा है की छात्रा से प्रिंसिपल ने इतनी मारपीट की कि उसका बाथरूम कपड़ों में ही निकल गया। आरोप है कि प्रिंसिपल ने छात्रा के बाल घसीट उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। हालांकि छात्र रोती चिल्लाती रही लेकिन प्रिंसिपल को तरस नहीं आया। हालांकि मामला 28 मार्च 2024 का है लेकिन पूंडरी पुलिस को मामले की जांच पूरी करने में करीब तीन का समय लग गया। मामले में पीड़ित छात्रा की मां ने पूंडरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी स्वामी ब्रह्मानंद गुरुकुल पुंडरी की आठवीं कक्षा की छात्रा है। आरोप है कि छात्राओं की आपसी कहासुनी को लेकर 28 मार्च को प्राचार्या अमनदीप कौर ने उसकी बेटी को कक्ष में बुलाकर उसके बाल घसीटे थप्पड़ मुक्कों से उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह इस स्कूल में रिसेप्शनिस्ट की जॉब करती है। मारपीट व चिल्लाने की आवाज सुनकर वहां पर दूसरे अध्यापक व अभिभावक इकट्ठे हो गए जब वह वहां पर गई तो प्राचार्य द्वारा उसे भी नौकरी से निकालने तथा मामले की शिकायत देने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई।

## यदुवंशी स्कूल में सुपरब 10 स्कीम शुरू

### बच्चे 9वीं से 12वीं तक मुफ्त पढ़ेंगे, 12वीं पास करेंगे कोचिंग फ्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हमारे देश में बहुत से बच्चे साधनों के अभाव में शिक्षा में वंचित हो जाते हैं। बच्चे अच्छे स्कूलों एवं कॉलेजों में पढ़ना चाहते हैं। हमने सुपरब 100 स्कीम प्रारंभ की है। जिसमें बच्चे 9वीं से 12वीं तक मुफ्त पढ़ेंगे तथा 12वीं पास बच्चे भी मुफ्त में कोचिंग करेंगे। यह बात यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने सुपरब 100 की शुरुआत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कोई भी विद्यार्थी जो 9वीं से 12वीं कक्षा में पढ़ता है या पास कर चुका है वह श्आई केन डू टेस्टश में 7 जुलाई को शामिल होकर इस स्कीम का लाभ ले सकता है। सुपरब 30 के बच्चे हॉस्टल में रहकर तैयारी करेंगे। श्आई केन डू टेस्टश यदुवंशी शिक्षा निकेतन महेंद्रगढ़ए रेवाड़ीए नारनौलए हांसी तथा गुरुग्राम सेक्टर 92ए में आयोजित किया जा रहा है। इस सुपरब 100 के टेस्ट में आने वाले बच्चे किसी भी स्कूल से आ सकते हैं उन्हें स्कूल तथा हॉस्टल सुविधा मुफ्त में रहेगी। 12वीं पास आउट बच्चे यदुवंशी डिग्री कॉलेज में मुफ्त दाखिला ले सकते हैं तथा साथ-साथ कोचिंग भी कर सकते हैं। सुपरब 100 में आर्टस, कॉमर्सए मेडिकल, नॉन मेडिकल सभी बच्चे आ सकते हैं। कॉमर्स के बच्चों को सीए फाऊंडेशन, आर्ट्स के बच्चे कलेट के लिएए साइंस के बच्चे मेडिकल, आईआईटी तथा एनडीए के लिए तैयारी कर सकते हैं। इस अवसर पर ग्रुप के वाइस चेयरमैन कर्ण सिंह, ग्रुप डायरेक्टर डा. राजेंद्र सिंह यादव, डायरेक्टर विजय सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, प्राचार्य जतिन कथुरिया उपस्थित रहे।



यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह।

## बेसुध मिले युवक की सिर में चोट मारने से गई थी जान

- पुलिस ने चार लोगों पर दर्ज किया हत्या व शव को खुर्दबुर्द करने का मामला
- गुप्ता कालोनी में बेसुध मिला था युवक, पीजीआई में हुई थी युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गुप्ता कालोनी में तीन दिन पहले बेसुध मिले युवक की पीजीआई में मौत सिर में गहरी तथा शरीर के अन्य हिस्सों में लगी चोटों के कारण हुई थी। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त होने के बाद मृतक की मां की शिकायत पर शहर थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ हत्या तथा शव को खुर्दबुर्द करने का मामला दर्ज किया है। शहर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर थाना पुलिस ने गत 26 जून को गुप्ता कालोनी मे एक युवक बेसुध हालात में मिला था। जिसकी बाइक कुछ दूरी पर खडी थी। जिसे गंभीर हालात में नागरिक अस्पताल से पीजाआई रोहतक रेफर किया था। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। जिसकी बाद मे लावारिस हालात मे बाइक के आधार पर पुलिस ने जांच को आगे बढाया तो मृतक की पहचान गांव पडाना निवासी हरदीप (29) के साथ रूप में हुई। परिजनों ने पीजाआई रोहतक पहुंच कर मृतक की पहचान कर ली।

---

### संदिग्ध परिस्थितियों में पराली में लगी आग

**अलेवा।** असंध मार्ग पर अलेवा में एक्सप्रैस हाईवे के समीप खरीद कर एकत्रित की गई पराली में शनिवार दोपहर को संदिग्ध परिस्थितियों आग लग गई। पराली मालिक द्वारा आग लगने का कारण बिजली का शाट सर्कट बताया है। पराली में आग लगने की सूचना मिलते ही अलेवा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की सूचना जींद फ ायर बिग्रेड को दी। सूचना मिलते ही जींद, सफ ीदों व असंध से तीन फ ायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंची फ ायर बिग्रेड की तीन गाड़ियों ने ग्रामीणों की सहायता से लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पराली मालिक नसीब ने बताया कि पराली रामकरण, कुलदीप व राकेश समेत चारों ने मिलकर खरीद कर कारोबार के लिए एकत्रित की हुई है। उन्होंने बताया कि शनिवार को पराली के ऊपर से गुजर रही बिजली लाईन का तार टूटकर गिरने के बाद शाट सर्किट से आग लग गई।

### मटर 180 और नींबू 150 रुपये प्रति किलोग्राम तक बिक रहा

# सब्जियों के दाम ने बिगाड़ा रसोई का बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

महंगाई का असर अब सब्जी पर भी दिखने लग गया है। गर्मी अधिक है और मानसून ने अभी तक क्षेत्र में दस्तक नहीं दी है। ऐसे में सब्जी ने भी अपने तेवर दिखाने आरंभ कर दिए हैं। टमाटर व प्याज जोकि हर रसोई के राजा हैं और इनके बिना कोई भी सब्जी अधूरी है, के दामों ने आम आदमी को परेशान कर रखा है। प्याज के दाम 20 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़ कर 40 से 50 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गए हैं। टमाटर के दाम भी 25 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़ कर 50 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गए हैं। इसके अलावा अन्य सब्जी के दामों में भी इजाफा हुआ है। इस समय बाजार में आलू 30 रुपये प्रति किलोग्राम, गोभी 80 से 100 रुपये प्रति किलोग्राम, भिंडी 50 रुपये प्रति किलोग्राम, करेला 60 रुपये प्रति किलोग्राम, तोरी 50 रुपये प्रति किलोग्राम, शिमला मिर्च 80 से 100 रुपये प्रति किलोग्राम, हरि मिर्च 120 रुपये प्रति किलोग्राम तक बिक रहा है। इसके अलावा घीया 60 रुपये प्रति किलोग्राम, पेठा 40 रुपये प्रति किलोग्राम, बैंगन 50 प्रति किलोग्राम, मटर 180 प्रति किलोग्राम व नींबू 150 प्रति किलोग्राम तक बिक रहा है। गृहणी ममता, उषा, कवीता, दीपिका, शालिनी, चित्रा, शिल्पा, ममता, वीना, रानी ने बताया कि सब्जी के दामों में इजाफा होने से रसोई का बजट बिगड़ गया है। आम आदमी को घर चलाने में भी दिक्कत हो रही है। रसोई का बजट महिलाओं के हाथ में होता है। सब्जी के दामों का असर सबसे अधिक महिलाओं के बजट पर ही पड़ता है। सब्जी विक्रेता गौरव, बलवान, सुभाष, बलजीत ने कहा कि गर्मी अधिक पड़ रही है और इस कारण से सब्जी का उत्पादन कम हो गया है। जब गर्मी की मार कम होगी और सब्जी का उत्पादन सही होगा तो दाम कम हो जाएंगे।



सीवन। दुकान पर सब्जी व फल बेचता दुकानदार। फोटो :हरिभूमि

### आठ डीपीसी और सड़क नेटवर्क को जेसीबी से तोड़ा

**जींद।** नरवाना शहरी क्षेत्र में जिला नगर योजनाकार विभाग ने शनिवार को अवैध रूप से विकसित की जा रही दो कालोनियों में जेसीबी मशीन की सहायता से कुल नौ एकड़ में आठ डीपीसी, सड़क नेटवर्क व अन्य ढांचों को तोड़ने का काम किया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में डीटीपी मनीष दहिया और कानून व्यवस्था के लिए पुलिस कर्मी उपस्थित रहे। जिला नगर योजनाकार विभाग के पास शिकायत आई थी कि नरवाना शहरी क्षेत्र में नौ एकड़ में अवैध रूप से कालोनियों विकसित की जा रही हैं। इनमें सड़कें बनाई जा रही हैं तो वहीं डीपीसी भी तैयार की गई हैं। इस पर विभाग द्वारा कालोनाइजरों को नोटिस जारी किया गया। नोटिस जारी करने के बावजूद भी निर्माण कार्य नहीं रोका गया तो शनिवार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट डीटीपी मनीष दहिया विभागीय अमले के साथ साइट पर पहुंचे। कानून व्यवस्था के लिए पुलिसकर्मियों को तैनात किया था।